राजस्थान सरकार
कार्यालय प्राचार्य, राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू

क्रमांक :– लोका/स्था/2019/1539 दिनांक :– 04/10/2019

**कार्यालय आदेश**

श्रीमान् आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर के आदेश क्रमांक 1313 दिनांक 27.09.2019 के क्रम में राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू में कॉलेज–कम्यूनिटी कनैक्ट प्रोग्राम करवाने का दायित्व टीचर पैरेण्ट कॉन्फ्रेन्स एण्ड एल्युमिनाई कमेटी को सौंपा जाता है। इस क्रम में कमेटी के सभी सदस्य महाविद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों के सहयोग से आयुक्तालय द्वारा प्रस्तावित तिथियों को 'संवाद संगम कार्यक्रम' को सम्पन्न करवाएं। इस सम्बन्ध में विभिन्न संकाय सदस्यों और कर्मचारियों का कार्यभार इस प्रकार रहेगा –

**स्वागत समिति**

1. श्री सुरेश कुमार
2. श्री महावीर सिंह
3. डॉ. ई. ए. हैदरी
4. डॉ. शेर मोहम्मद
5. डॉ. मंजु शर्मा
6. डॉ. ए. एल. कुलहरि
7. श्री सन्त लाल
8. डॉ. एस. डी. सोनी
9. डॉ. जे. बी. खान
10. डॉ. संजय कुमार

**प्रेस/कार्यक्रम रिपोर्टिंग समिति**

1. डॉ. मंजु शर्मा
2. डॉ. सुमेर सिंह स्वामी
3. श्री उम्मेद सिंह गोठवाल
4. डॉ. संजय कुमार

**प्रतिवेदन समिति**

1. डॉ. शेर मोहम्मद
2. डॉ. जे. बी. खान
3. डॉ. पी. के. शर्मा

**वाद–विवाद, आशु भाषण, कविता पाठ समिति**

1. श्री राज कुमार लाटा
2. साहित्यिक कार्यक्रम समिति के अन्य सदस्यगण

**देश भक्ति गान, मुकाभिनय समिति**

1. डॉ. मंजु शर्मा
2. सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति के अन्य सदस्यगण

**मंच संचालन समिति**

1. डॉ. सरोज हारित
2. डॉ. एस. डी. सोनी

Scanned by CamScanner

ऑडियो/वीडियो रिकोर्डिंग, साउण्ड, बैनर व्यवस्था समिति

1. डॉ. ए. एल. कुलहरि
2. डॉ. के. सी. सोनी
3. डॉ. सुमेर सिंह (अंग्रेजी)
4. श्री नरेश कुमार (स्टोर कीपर)

टैण्ट, मंच, पेयजल व्यवस्था समिति

1. डॉ. ए. के. सक्सेना
2. डॉ. सी. एल. वर्मा
3. डॉ. जे. एस. कविया
4. डॉ. महेन्द्र कुमार खारड़िया
5. श्री नरेश कुमार (स्टोर कीपर)

पीले चावल/निमंत्रण–पत्र वितरण समिति

1. सभी विभागाध्यक्ष
2. संकाय सदस्यगण

*सभी संकाय सदस्य आयुक्तालय के आदेश का भली भांति अध्ययन करके अपनी–अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। महाविद्यालय में दिनांक 12.10.2019 को मध्याह्न 12.00 बजे अभिभावकों के साथ संवाद संगम कार्यक्रम सम्पन्न होगा। इस सम्बन्ध में पीले चावल दिनांक 05.10.2019 से महाविद्यालय के स्टोर में उपलब्ध रहेंगे। संकाय सदस्य पीले चावल स्टोर से प्राप्त कर विद्यार्थियों में वितरित करें। संकाय सदस्य विद्यार्थियों से आग्रह करें कि अपने अभिभावकों को निर्धारित तिथि व समय पर महाविद्यालय में आने के लिए कहें। दिनांक 08.10.2019 से 11.10.2019 तक संकाय सदस्य विद्यार्थियों के माध्यम से उनके अभिभावकों को संवाद संगम कार्यक्रम हेतु निमंत्रण–पत्र भिजवायें। निमंत्रण–पत्र का प्रारूप दिनांक 09.10.2019 को विभिन्न पीजी विभागों को उपलब्ध करवा दिया जाएगा। निमंत्रण–पत्र की पूर्ति एवं प्रेषण का कार्य विद्यार्थियों के सहयोग से करना है। संकाय सदस्य अपने स्तर पर भी अभिभावकों को विधिवत आमंत्रित करें। अभिभावकों को निमंत्रण–पत्र भिजवाये जाने का विवरण भी संधारित करना है।*

प्राचार्य
राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू

दिनांक :– 04/10/2019

क्रमांक :– लोका/स्था/2019/1539

प्रतिलिपि :–

1. समस्त समिति संयोजक
2. रक्षित पत्रावली।

प्राचार्य
राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू

Scanned by CamScanner

राजस्थान सरकार

# आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706106 (O)

Letter No. CCE/ISDC/RACE/College Community Connect (CCC)/2019/1313 Date: 27th Sept. 2019

प्राचार्य
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः RACE कार्यक्रमार्न्तगत राजकीय महाविद्यालयों में कॉलेज– कम्यूनिटी कनैक्ट प्रोग्राम के आयोजन बाबत्।

**शारदीय नवरात्रों की हार्दिक शुभकामनाएं**

महोदय,

अभिभावकों की राजकीय महाविद्यालयों की गुणात्मक अभिवृद्धि में भूमिका को सशक्त बनाने एवं विद्यार्थियों के भविष्य के बारे में उनके अभिभावकों की चिन्ता को मध्यनजर रखते हुए राजकीय महाविद्यालयों में **कॉलेज– कम्यूनिटी कनैक्ट** प्रोग्राम आरम्भ करवाया जा रहा है, जिसका विवरण आगामी पृष्ठों पर अंकित है। आपसे आग्रह है कि आप निर्देशानुसार आपके महाविद्यालय में यह आयोजन करवाया जाना सुनिश्चित करें।

प्रदीप कुमार बोरड़ IAS
आयुक्त कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा राजस्थान

Letter No. CCE/ISDC/RACE/College Community Connect (CCC)/2019/1314-15;. Date: 27th Sept. 2019

प्रतिलिपि प्रेषित है –

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा, राजस्थान।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान।
3. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. वित्तीय सलाहकार, आकाशि, जयपुर।
5. संयुक्त निदेशक HRD/ PI/ P&C/ Acad./ Admn./RUSA/RVRES आकाशि, जयपुर।
6. सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कालेज शिक्षा, जयपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा, बीकानेर, जोधपुर एवं भरतपुर को सम्भाग स्तर पर इस कार्यक्रम की निर्देशानुसार मॉनिटरिंग हेतु।
7. संबंधित महाविद्यालयों के प्रभारी अधिकारी, कालेज समूह, आकाशि, जयपुर को इस कार्यक्रम की महाविद्यालय स्तर पर निर्देशानुसार मॉनिटरिंग करने हेतु।
8. प्रभारी अधिकारी, RACE योजना तथा नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ, आकाशि को इस कार्यक्रम की आयुक्तालय स्तर पर मॉनिटरिंग करने हेतु।
9. वैब प्रभारी, आकाशि को वैबसाइट पर अपलोड करने एवं संबंधितों को ई–मेल करने हेतु।
10. रक्षित पत्रावली।

आयुक्त कॉलेज शिक्षा

Scanned by CamScanner

राजस्थान सरकार

# आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan

Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706106 (O)

Letter No. CCE/ISDC/RACE/College Community Connect (CCC)/2019/1313 Date: 27th Sept. 2019

## राजकीय महाविद्यालयों में कॉलेज– कम्यूनिटी कनैक्ट प्रोग्रामः

## (RACE कार्यक्रमान्र्तगत एक पहल)

*प्रस्तावना :*

*राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र जीवन के एक महत्वपूर्ण मुकाम पर खडा होता है, और उसे यदि यहां सही मार्गदर्शन मिले तो न केवल उस छात्र के जीवन के लिए बल्कि एक समाज के लिए भी बहुत बड़ा सकारात्मक योगदान होता है। ऐसे में कॉलेज एवं समुदाय दोनों की महत्वपूर्ण भागीदारी होती है। यद्यपि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के अनेकों प्रयास किये जा रहे हैं तथापि शिक्षा में अपेक्षित गुणवत्ता में समुदाय की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। अतः अभिभावकों की राजकीय महाविद्यालयों की गुणात्मक अभिवृद्धि में भूमिका को सशक्त बनाने एवं विद्यार्थियों के भविष्य के बारे में उनके अभिभावकों की चिन्ता को मध्यनजर रखते हुए यह आवश्यक महसूस हुआ है कि हमारी संस्थाओं में भी कॉलेज–कम्यूनिटी कनैक्ट की पहल की जानी चाहिये। इसी उद्देश्य से यह कॉलेज–कम्यूनिटी कनैक्ट प्रोग्राम आरम्भ किया जाना है।*

उद्देश्य :

1. अभिभावको को उनके बच्चों की शिक्षा एवं भविष्य की चिन्ता में सकिय भागीदारी के लिये प्रेरित करना।
2. महाविद्यालय विकास में समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित करना।
3. संस्थाओं की सामाजिक विकास में भूमिका को प्रोत्साहित करना।
4. महाविद्यालय एवं समुदाय में सामंजस्य स्थापित करना।
5. विद्यार्थियों में शैक्षणिक दक्षता एवं रोजगारपरक कौशल क्षमता विकास में सामाजिक पर्यवेक्षण के माध्यम से उत्कृष्टता अभिवृद्धि सुनिश्चित करना।

**इस कार्यकम की कियान्विति के लिये सभी राजकीय महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि –**

***क्या किया जाना है ?***

1. सभी राजकीय महाविद्यालयों को विद्यार्थियों के अभिभावकों के साथ उनके संस्था के साथ जुडाव को प्रोत्साहित करने की प्रकिया आरम्भ की जानी है।
2. अभिभावकों के साथ प्रत्येक माह में निर्देशित दिनांक को संवाद संगम कार्यकम आयोजित किया जाना है।



Scanned by CamScanner

4 |||
5

u Agarwal

3. इसं संवाद संगम कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के बिन्दु आपको शीघ्र ही प्रेषित किये जायेंगे।

4. इसमें महाविद्यालय की ओर से विद्यार्थियों के विकास के लिये की जाने वाली गतिविधियों, उनके नियमित अध्यापन की तैयारियों के बारे में जानकारी दिया जाना अपेक्षित है।

**कैसे किया जाना है ?**

1. सभी राजकीय महाविद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों के अभिभावकों को आमंत्रित किया जाना है। इसके लिये आमंत्रण के निम्नलिखित विभिन्न माध्यमों का उपयोग कर सकते हैं –

   - आमंत्रण स्वरुप पीले चावल भिजवाकर।
   - महाविद्यलय में गठित सदनों द्वारा अपने छात्रों के अभिभावकों को हस्तलिखित आमंत्रण पत्र भिजवाकर।
   - स्थानीय समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशित करवाकर।
   - महाविद्यालय में नोटिस बोर्ड पर सूचना लगवाकर।
   - यथा संभव अभिभावकों को मोबाइल द्वारा सूचना पहुंचाकर आमंत्रित करना।
   - इस प्रयोजनार्थ न्यूनतम 6X4 आकार के यदि बैनर अथवा फ्लैक्स बनवाकर।

2. ध्यान दें कि महाविद्यालयों द्वारा यह संवाद संगम कार्यक्रम माह में एक ही दिन (निर्दिष्ट तिथि को) आयोजित करवाना है।

3. इस आयोजन के लिये अभिभावकों को सम्मानपूर्वक बैठाने की व्यवस्था एवं पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई जानी है। अभिभावक संख्या अधिक होने पर महाविद्यालय द्वारा विकास समिति आदि स्थानीय मद से इस आयोजन के लिये टैण्ट आदि की व्यवस्था भी करवाई जा सकती है।

**आयोजन में क्या करें ?**

1. औपचारिक स्वागत उपरान्त आमंत्रित अभिभावकों के समक्ष महाविद्यालय में की जा रही शैक्षणिक–सहशैक्षणिक गतिविधियों का संक्षिप्त ब्यौरा प्रस्तुत करें।

2. तदोपरान्त विद्यार्थियों की केवल निर्देशित सहशैक्षणिक गतिविधियों की ही आयोजन किया जावे – वाद–विवाद, आशु–भाषण, कविता पाठ, देशभक्ति गायन, संदेशपरक एकाकी अभिनय (मोनो एक्टिंग)। इन निर्देशित गतिविधियों के अतिरिक्त कोई अन्य सहशैक्षणिक गतिविधि विद्यार्थियों के द्वारा करवाये जाने की अनुमति नहीं है।

3. इन गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के नाम संवाद संगम बैठक तिथि से लगभग एक सप्ताह पूर्व नियत कर लें। नाम स्वैच्छिक आधार पर आयें तो बेहतर हैं, अन्यथा शिक्षक प्रेरणा से विद्यार्थियों को इन गतिविधियों में भाग लेने के लिये प्रोत्साहित करें। इस मासिक आयोजन में महाविद्यालय की सदन/हाउस व्यवस्था के माध्यम से भी विद्यार्थियों को सम्मिलित करवायें।

4. हर बार आयोजन में नये विद्यार्थियों को अवसर दिया जाना सुनिश्चित करें। एक ही एक विद्यार्थी को बार बार अवसर प्रदान नही करें। विद्यार्थियों को अवसर पुनरावृत्ति में तीन माह का अन्तराल रखें।



Scanned by CamScanner

5. विद्यार्थियों की सीमित समय में की जा सकने वाली गतिविधियों का आयोजन इस संवाद संगम कार्यक्रम में आमंत्रित अभिभावकों के सामने करवाना है।

6. महाविद्यालय के विकास के लिये सुझावपरक सत्र आयोजित करें एवं सामुदायिक सहभागिता के लिये आग्रह करें।

7. इस बैठक का कार्यवाही विवरण महाविद्यालय की RACE समिति द्वारा संधारित किया जायेगा। यह रिकार्ड संधारण करवाना आवश्यक है। आयोजन की डिजीटल रिकार्डिंग यथा फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करवायें।

8. महाविद्यालय में एक सुझाव पेटिका रखवायें। अभिभावकों से प्राप्त सुझावों का रिकार्ड संधारित करावें एवं उपयुक्त सुझावों में से महाविद्यालय स्तर पर किये जा सकने योग्य सुझावों पर महाविद्यालय स्तर पर कियान्विति करवाने पर अमल करें। यदि किसी उचित एवं उपयोगी सुझाव पर आयुक्तालय स्तर पर अनुमति/आदेश की आवश्यकता हो तो अपने ज़िला संसाधन सहायता समिति अध्यक्ष एवं आयुक्तालय जयपुर में आपके महाविद्यालय के प्रभारी अधिकारी के माध्यम से उसे आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर को प्रेषित करवायें ताकि उन सुझावों पर शीघ्रातिशीघ्र निर्णय लिया जा सके।

9. इस आयोजन में दानदाताओं को अपने स्तर पर भी सम्मानित करें।

10. यथा संभव इस आयोजन में स्थानीय अथवा निकटतम दूरी पर पदस्थापित राजकीय अधिकारीगणों यथा– सम्भागीय आयुक्त, जिला कलैक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कलैक्टर, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक, उपखण्ड अधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, वरिष्ठ अभियंता अथवा अन्य राजकीय वरिष्ठ अधिकारी, जिनकी महाविद्यालय के विकास में भूमिका हो सकती है, को आमंत्रित करें।

11. इस संवाद संगम कार्यक्रम 'कॉलेज– कम्यूनिटी कनैक्ट' के आयोजन उपरान्त इसके मिनिट्स तैयार करवाकर DRAC के अध्यक्ष महाविद्यालय को भिजवायें। साथ ही इसकी प्रति आयुक्तालय में आपके महाविद्यालय के प्रभारी अधिकारी के माध्यम से आयुक्तालय जयपुर को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

**आयोजन की तिथियां ?**

| क.सं. | माह का नाम | निर्देशित तिथि |
|---|---|---|
| 1. | अक्टूबर 2019 | 12 अक्टूबर 2019 |
| 2. | नवम्बर 2019 | 19 नवम्बर 2019 |
| 3. | दिसम्बर 2019 | 21 दिसम्बर 2019 |
| 4. | जनवरी 2020 | 25 जनवरी 2020 |
| 5. | फरवरी 2020 | 15 फरवरी 2020 |

विद्यार्थी एवं संस्था हित में इस आयोजन को प्राथमिकता प्रदान करते हुए इसके मासिक आयोजन आरम्भ करें।

प्रदीप कुमार बोरड़ IAS
आयुक्त कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा राजस्थान



Scanned by CamScanner